24 न्यूज अपडेट
ई-न्यूज
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 24 मई 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 57


# नौतपा से पहले खूब तपा राजस्थान, भीषण गर्मी का कहर, कई जिलों में तापमान 47 डिग्री पार, उदयपुर में पारा 42.1 पर


फोटो -अमानत अली

उदयपुर। नौतपा से पहले ही शनिवार को राजस्थान खूब तपा। लेकसिटी हीट सिटी बन गई। राजस्थान में गर्मी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 44 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बाड़मेर सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद जैसलमेर में 47.0, बीकानेर में 46.6, फलौदी में 46.4 और जोधपुर में 45.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

जयपुर में अधिकतम तापमान 42.0 और न्यूनतम तापमान 31.2 डिग्री रहा। आने वाले 24 घंटों में जयपुर सहित राज्य के अधिकांश जिलों में लू चलने और आसमान में आंशिक बादलों की स्थिति बने रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री के आसपास रह सकता है। जोधपुर एकमात्र ऐसा जिला रहा जहां 6.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई, अन्य सभी स्थानों पर वर्षा शून्य रही।

चित्तौड़गढ़ और अजमेर जैसे जिलों में भी तापमान क्रमशः 44.2 डिग्री और 44.2 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक गर्म हवाएं और भीषण गर्मी की स्थिति बनी रह सकती है। लोगों को घर से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने और आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। इधर लेकसिटी उदयपुर में भी नौतपा से एक दिन पहले पारा 42.1 पर पहुंच गया व भीषण गर्मी में लोग फतहसागर व पिछोला पर पानी में अठखेलियां करते हुए गर्मी भगाने के जतन करते हुए दिखाई दिए।

## PF पर 8.25% ब्याज दर को वित्त मंत्रालय की मंजूरी:7 करोड़ कर्मचारियों को ट्रांसफर होगी ब्याज की रकम, 1 लाख पर 8,250 रुपए मिलेंगे




**24 न्यूज अपडेट**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए PF अकाउंट में जमा राशि पर 8.25% ब्याज मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) को इसके लिए मंजूरी दे दी है। अब देश के 7 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों के PF अकाउंट में ब्याज की रकम ट्रांसफर की जाएगी। इससे पहले EPFO के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को मीटिंग में 8.25% ब्याज दर बरकरार रखने का फैसला किया था। जो पिछले वित्त वर्ष में दी गई दर के बराबर है। इसके बाद इसे वित्त मंत्रालय को मंजूरी के लिए भेजा गया था।

### 1 लाख पर 8,250 रुपए ब्याज मिलेगा

8.25% ब्याज दर के हिसाब से अगर आपके EPF अकाउंट में 1 लाख रुपए जमा हैं, तो इस पर साल में 8,250 रुपए का ब्याज मिलेगा। वहीं PF अकाउंट में 1 अप्रैल 2024 तक (वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ओपनिंग बैलेंस) कुल 5 लाख रुपए जमा हैं। ऐसे में आपको 8.25% की ब्याज दर के हिसाब से 5 लाख पर 41,250 रुपए ब्याज के रूप में मिलेंगे।

## तिरुपति मंदिर के कल्याण मंडपम में नमाज पढ़ने का वीडियोःदावा- शख्स 10 मिनट तक परिसर में मौजूद रहा; पुलिस कर रही तलाश




आंध्र प्रदेश के तिरुमाला स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में व्यक्ति के नमाज पढ़ने की घटना सामने आई। सोशल मीडिया पर उस व्यक्ति का एक वीडियो वायरल हो रहा है। घटना 22 मई की बताई जा रही है। यही शख्स मंदिर के बाहर खड़ी एक कार में भी नजर आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि नमाज पढ़ने का यह वीडियो मंदिर परिसर में बने कल्याण मंडपम का है। हालांकि, टीटीडी ने इस मामले पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। नमाज पढ़ते हुए शख्स को न तो मंदिर प्रशासन के लोगों ने रोका, न किसी और ने इस पर आपत्ति ली।इससे मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

यह मुस्लिम व्यक्ति का गुरुवार दोपहर तमिलनाडु के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली टीएन 83 टी 6705 वाली कार में आया था। मामला सामने आते ही तिरुपति एसपी हर्षवर्धन राजू मौके पर पहुंचे।। जहां उन्हें पता चला कि श्रद्धालुओं के एक ग्रुप के साथ तिरुमाला आए ड्राइवर ने नमाज पढ़ी थी। ड्राइवर की हरकतें सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गईं।

तिरुमाला पुलिस अब इस शख्स की तलाश कर रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि वह व्यक्ति पहले ही तिरुमाला छोड़ चुका है। उसने ऐसा क्यों किया। तिरुमाला में कड़े नियमों के बावजूद उन्होंने प्रार्थना क्यों की? वह व्यक्ति कौन है? उसने यह काम जानबूझकर किया या नियमों की जानकारी के बिना। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## देश में कोरोना के अब तक 350 एक्टिव मरीजःआज महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, यूपी में 1 केस मिला



देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे।

23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं।

उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें।

दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए।

सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (INSACOG) के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट NB.1.8.1 का एक और LF.7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है।

WHO ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है लेकिन निगरानी में रखे गए वेरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। हालांकि NB.1.8.1 के A435S, V445H, और T478I जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वेरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्यूनिटी का भी असर नहीं होता।

भारत में JN.1 वैरिएंट सबसे आम है। टेस्टिंग में आधे से ज्यादा सैंपल में यह वैरिएंट मिलता है। इसके बाद BA.2 (26 प्रतिशत) और ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) वैरिएंट के मामले भी मिलते हैं।

## CJI-प्रोटोकॉल उल्लंघन केस में अफसरों पर कार्रवाई की याचिका खारिजःचीफ जस्टिस गवई ने कहा- यह सस्ती पब्लिसिटी, याचिकाकर्ता पर 7000 जुर्माना लगाया



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वकील की जनहित याचिका (PIL) को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन अधिकारियों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बी आर गवई के पहले मुंबई दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया।

मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस याचिका को 'पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन' बताया और 7 साल के अनुभव वाले याचिकाकर्ता वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7,000 का जुर्माना लगाया, जो उन्हें लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में जमा करना होगा। सुनवाई के दौरान CJI ने कहा, 'ये बहुत छोटा मामला है, इसे इतना बड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए। कोर्ट पहले ही प्रेस रिलीज के जरिए यह साफ कर चुका है कि इस मुद्दे को यहीं खत्म कर दिया जाना चाहिए।'

उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा, 'आप बस अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं। अगर आपने पद की गरिमा के बारे में सोचा होता, तो आपको पता होता कि मैंने इस मामले को यहीं समाप्त करने की अपील की थी। यह याचिका जुर्माने के साथ खारिज की जाएगी।'

पीठ ने कहा कि CJI पहले ही सार्वजनिक रूप से इस मामले पर अपनी बात रख चुके हैं और यह कोई गंभीर मुद्दा नहीं था, इसलिए इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं दिखाना चाहिए।

## इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही तेजीःसोना 3170 बढ़कर 95471 पहुंचा, चांदी 2303 महंगी होकर 96909 किलो बिक रही



**24 न्यूज अपडेट**

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 17 मई को सोना 92,301 रुपए पर था, जो अब (24 मई) को 95,471 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 3,170 रुपए बढ़ी है।

वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 94,606 रुपए पर थी, जो अब 96,909 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 2,303 रुपए बढ़ी है। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## भारत में लॉन्च हुईं नई Honda CB750 Hornet और CB1000 Hornet SP




**24 न्यूज अपडेट**

दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी Honda Motorcycle India ने अपने BigWing लाइनअप को बढ़ाते हुए दो नई मोटरसाइकिलों को भारतीय बाजार में उतारा है. बता दें कि HMSI प्रीमियम दोपहिया वाहनों के मामले में आक्रामक तौर पर काम कर रही है. इसी के चलते Honda ने नई CB750 Hornet और CB1000 Hornet SP के रूप में अपने पोर्टफोलियो में दो और शक्तिशाली स्ट्रीट नेकेड मोटरसाइकिल जोड़ी हैं.

भारतीय बाजार में Honda Motorcycle ने अपने BigWing लाइनअप की शुरुआत Honda NX500 से की थी और अब कंपनी के पास प्रीमियम दोपहिया उत्पादों में Honda CB650R, CBR650R, CB650R E-क्लच, CBR650R E-क्लच, Rebel 500 और हाल ही में लॉन्च Honda X-ADV शामिल हैं. अब, कंपनी ने Honda CB750 Hornet और CB1000 Hornet SP के रूप में दो पावरफुल स्ट्रीट नेकेड बाइक लॉन्च की हैं.

## देश में 25 मई से 2 जून तक नौतपाःराजस्थान में पारा 48C पहुंचा; MP के 17, UP के 65 जिलों में बारिश का अलर्ट



देश में 25 मई से 2 जून तक नौतपा शुरू हो रहे हैं। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48C तक जाने की संभावना है। 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान तापमान 52.3C तक पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड है। मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी जारी है। 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट है। आज भी 11 जिलों में लू की चेतावनी है। राज्य के जैसलमेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा 48C तापमान रहा था। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आज सुबह से तेज आंधी चल रही है। 17 जिलों में बारिश की संभावना है। यूपी के 65 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। रायपुर-दुर्ग में सुबह से ही तेज बारिश हुई। बिहार के सभी 38 जिलों में बारिश की संभावना है। पंजाब के 12 जिलों में बारिश 4 जिलों में लू चल रही है। हरियाणा में 7 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट है। हिमाचल के 8 जिलों में ओलावृष्टि व तूफान का ऑरेंज अलर्ट है। मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय 8 दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। 2009 में 9 दिन पहले पहुंचा था।

मानसून चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा। इसके आज ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में भी पहुंचने की संभावना है। एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों जबकि 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर सकता है। आम तौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास वापस लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

## संपादकीय : नीयत पर सवाल

प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज को लेकर कई वर्ष से अंगुलियां उठ रही हैं। विपक्षी दलों ने सर्वोच्च न्यायालय में धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत उसकी अतार्किक छापेमारियों पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। विपक्ष लगातार कहता रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के इशारों और बदले की भावना से कार्रवाई करता और लोगों को परेशान करने की नीयत से सीखचों के पीछे डाल देता है। मगर शुरू में अदालत ने ईडी की कार्रवाइयों में दखल देने या उन पर रोक लगाने से इसलिए इनकार कर दिया था कि ऐसे मामले भ्रष्टाचार के अलावा आतंकवादी संगठनों को लाभ पहुंचाने से भी जुड़े हो सकते हैं। मगर फिर देखा गया कि निदेशालय अनुचित तरीके से और अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करते हुए लोगों को गिरफ्तार और उन्हें बेवजह प्रताड़ित कर रहा है, तो अदालत ने उसे मर्यादा का पाठ पढ़ाया था। फिर भी ईडी के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। तब अदालत ने पूछा कि आपके आरोप-पत्रों की तुलना में दोषसिद्धि इतनी कम क्यों है। फिर सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त लहजे में उसे निर्देश दिया कि बिना पुख्ता सबूतों के किसी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल नहीं किए जाने चाहिए। मगर उसका भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। अब सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सारी हदें लांघ रहा है। यह संघीय ढांचे का उल्लंघन है। दरअसल, निदेशालय शराब की दुकानों को लाइसेंस जारी करने में अनियमितताओं के आरोप में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम यानी टीएएसएमएसी के खिलाफ धनशोधन की जांच कर रहा था। इस पर टीएएसएमएसी ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी। अदालत ने उस जांच पर रोक लगा दी है। यह पहला मौका है, जब सर्वोच्च न्यायालय ने किसी जांच पर ही रोक लगा दी है। वह जांच के बाद आरोपपत्र पर बहस के दौरान निदेशालय की खामियों पर फटकार तो अनेक बार लगा चुका है, पर जांच पर रोक किसी भी जांच एजंसी के लिए बड़ी बात होनी चाहिए। हालांकि इससे भी उस पर कितना असर पड़ेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, जांच एजंसियां सरकार की इच्छाओं के अनुरूप कार्रवाई करती देखी जाने लगी हैं। वे एक तरह से सरकार के लिए अपने विपक्षियों पर शिकंजा कसने का औजार बन चुकी हैं। यह अकारण नहीं है कि ईडी के निदेशक को बार-बार सेवा विस्तार दिया जाता रहा और उस पर भी सर्वोच्च न्यायालय को पूछना पड़ा कि क्या आपको इस पद के लिए कोई और वेग्य व्यक्ति नहीं मिल रहा। तथ्य यह है कि ईडी ने पिछले दस - ग्यारह वर्षों में चार हजार से अधिक मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए, मगर उनमें से दोषसिद्धि एक फीसद से भी कम हो पाई है। फिर, ज्यादातर मामले केवल विपक्षी दलों के नेताओं या उन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज हुए, जो सरकार के अनुकूल नहीं थे। कई ऐसे भी मामले हैं, जिनमें चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने के मकसद से ईडी की कार्रवाइयां की गईं। दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री इसके उदाहरण हैं। कई नेताओं को बिना पुख्ता सबूत के जेल भेज दिया गया और लंबे समय तक उनकी जमानत नहीं होने दी गई। इन प्रकरणों से ईडी, आयकर विभाग और सीबीआइ जैसी जांच एजेंसियों की साख बुरी तरह प्रभावित हुई है। ये एजंसियां जब तक सकारी दबाव से मुक्त होकर स्वायत्त तरीके से काम नहीं करेंगी, तब तक इनकी विश्वसनीयता बहाल नहीं हो सकती।

## मरते मासूम

हमास के हमले के बाद इजराइल की प्रतिक्रिया ने अब बेहद त्रासद रुख अख्तियार कर लिया है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अब तमाम मानवीय तकाजों को ताक पर रख दिया गया है और प्रभावित इलाकों में लोग भूख से मरने को मजबूर हैं। इस बात की कोई फिक्र नहीं दिखती कि अब एकतरफा हो चु युद्ध में मरने वाले निर्दोष और मासूम बच्चे हैं। गाजा में इजराइल के हमलों में जो लोग मारे जा रहे हैं, वह एक पक्ष भर है। इसके समांतर त्रासद और भयावह यह है कि इजराइल ने गाजा के प्रभावित इलाकों में मानवीय मदद पहुंचाने के भी सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। नतीजा यह है कि अब वहां लोगों और खासकर बच्चों के मारे जाने की बड़ी वजह भुखमरी बन गई है। गाजा के अस्पतालों में हजारों की तादाद में कुपोषण के शिकार ऐसे बच्चे जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं, जिन्हें जान बचाने के लिए पेट भरने लायक खाना भी नहीं मिल पा रहा है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने यह चेतावनी जारी की थी कि अगर जल्दी मदद नहीं मिली, तो सिर्फ दो दिनों के भीतर चौदह हजार बच्चों की जान जा सकती है। दरअसल, करीब दो महीने से इजराइल ने सभी खाद्य सहायता, दवा और अन्य सामान के गाजा के युद्ध प्रभावित इलाकों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, जहां करीब बीस लाख फिलिस्तीनियों की आबादी रहती है। गाजा में रहने वाले ये लोग पूरी तरह बाहरी सहायता पर निर्भर हैं, क्योंकि इजराइली हमले ने उस इलाके की सभी खाद्य उत्पादन क्षमताओं को तबाह कर दिया है। जाहिर है, अब गाजा में अकाल का खतरा भी सामने खड़ा है। मगर अफसोसनाक यह है कि संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम अंतरराष्ट्रीय प्रयास इजराइल को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। गाजा में इजराइली हमले में अब तक साठ हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे, जिनका हमास या आतंकवाद से कोई वास्ता नहीं था। सवाल है कि हमास के जिस हमले को मानवता के खिलाफ बता कर इजराइल ने युद्ध छेड़ दिया, उसमें मासूमों को मार कर क्या हासिल हो रहा है।

# जनाना अस्पताल में डीएमएफटी फंड के 60 करोड़ से बनेगा नया भवन, 811 करोड़ के कार्यों का अनुमोदन



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट की गवर्निंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और महिला चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कई अहम निर्णय लिए गए।

### 811 करोड़ के 1486 कार्यों का अनुमोदन

बैठक के आरंभ में सदस्य सचिव ने ट्रस्ट की आय-व्यय की जानकारी साझा करते हुए बताया कि 2016-17 से अब तक ट्रस्ट से 811 करोड़ रुपए के कुल 1486 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष प्रगतिरत हैं। बैठक में इन सभी कार्यों का अनुमोदन किया गया।

### 60 करोड़ से बनेगा जनाना अस्पताल भवन

सबसे अहम निर्णय महाराणा भूपाल अस्पताल में जनाना अस्पताल के नवीन भवन निर्माण के संबंध में लिया गया। प्रस्तावित 120 करोड़ की लागत में से 60 करोड़ डीएमएफटी फंड से तथा शेष 60 करोड़ यूडीए फंड से व्यय किए जाएंगे। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव को जनहित में अत्यंत आवश्यक बताते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। जिला कलक्टर ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा और बजट घोषणाओं के अनुरूप 150 करोड़ रुपए का उपयोग प्राथमिक सुविधाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल पर किया जाएगा। विधानसभावार जनहित कार्यों के प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब और पुस्तकालय डीएमएफटी सदस्य सचिव आसिफ अंसारी ने बताया कि सरकारी स्कूलों में लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब व स्मार्ट क्लासेज विकसित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पेयजल समस्या वाले गांवों में सोलर पनघट या हैंडपंप लगाए जाएंगे। प्रत्येक तहसील में एक आदर्श ग्राम विकसित करने का भी निर्णय लिया गया।

### जनजाति क्षेत्र में आवासीय विद्यालय निर्माण को 30 करोड़ की मंजूरी

खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत देवला-कोटड़ा में जनजातीय छात्रों के लिए आवासीय विद्यालय के निर्माण हेतु 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। दो माह में 70 करोड़ से अधिक की राशि जारी जिला कलक्टर के निर्देशों के तहत बीते दो माह में 70 करोड़ रुपए से अधिक की राशि विभिन्न कार्यों के लिए जारी की गई, जिससे निर्माण कार्यों में गति आई है। बैठक में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी सहित सभी विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में यूडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर, आरएनटी प्राचार्य डॉ विपिन माथुर, सीडीईओ महेन्द्र कुमार जैन, एसई पीडब्ल्यूडी राजीव अग्रवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## ईंट-भट्टे और ज्यूस सेंटर से 5 बाल श्रमिक मुक्तः किशोर गृह भेजे गए, नियोक्ताओं पर होगी कानूनी कार्रवाई




**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर। जिले के दोवड़ा और पुनाली क्षेत्रों में चाइल्ड लाइन, दोवड़ा पुलिस और सृष्टि सेवा समिति की संयुक्त कार्रवाई में 5 नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया है। मुक्त कराए गए बच्चों में 4 बच्चे ईंट-भट्टे पर और 1 बच्चा ज्यूस सेंटर पर काम कर रहा था। सभी को राजकीय किशोर गृह में अस्थायी आश्रय के लिए भेजा गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर मिली थी सूचना जिला कल्याण समिति अध्यक्ष भावेश जैन ने बताया कि बाल अधिकारिता विभाग के तहत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर शिकायत मिली थी कि दोवड़ा क्षेत्र में 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे मजदूरी कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए चाइल्ड लाइन, पुलिस और सामाजिक संस्था सृष्टि सेवा समिति की टीम ने मौके पर कार्रवाई की। दोवड़ा में ईंट भट्टे से 4 और पुनाली से 1 बच्चा मुक्त टीम ने दोवड़ा क्षेत्र में दबिश देकर एक ईंट-भट्टे से 4 नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया, जबकि पुनाली क्षेत्र में एक ज्यूस सेंटर से एक और बालक को छुड़ाया गया। इसके बाद सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति (CWC) के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### किशोर गृह में मिलेगा आश्रय, नियोक्ताओं पर होगी सख्त कार्रवाई

बाल कल्याण समिति ने सभी बच्चों को अग्रिम आदेश तक राजकीय किशोर गृह में अस्थायी आश्रय प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही बाल श्रम अधिनियम और संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत नियोक्ताओं पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## मंदिर में करोड़ों की चोरीः जैन समाज ने जताया आक्रोश, कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**24 न्यूज अपडेट**

भीलवाड़ा। जिले के जहाजपुर स्थित ऐतिहासिक जहाज मंदिर में करोड़ों रुपए मूल्य की धार्मिक व पवित्र वस्तुओं की चोरी ने जैन समाज को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के खिलाफ शुक्रवार को भीलवाड़ा जैन समाज के सैकड़ों लोग जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इसे मात्र चोरी नहीं, बल्कि जैन समाज की आस्था, संस्कृति और धार्मिक अस्मिता पर सीधा हमला बताया। जैन समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जहाजपुर का जहाज मंदिर सम्पूर्ण समाज की श्रद्धा का प्रतीक है। यहां से सोने-चांदी के आभामंडल और प्रतिमाओं से जुड़ी अनेक पवित्र वस्तुएं चोरी हुई हैं, जो केवल भौतिक संपत्ति नहीं बल्कि धार्मिक धरोहर हैं। इस घटना से समाज में गहरा आक्रोश है। प्रदर्शन के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने एएसपी पारस जैन और एडीएम प्रशासन प्रतिभा देवठिया को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

### प्रदर्शन में उठी प्रमुख मांगें

इस घटना की निष्पक्ष, गहन और त्वरित जांच हो।

जितनी भी पवित्र वस्तुएं चोरी हुई हैं, उन्हें शीघ्र बरामद किया जाए।

दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए।

जहाज मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए।

सभी धार्मिक परिसरों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए।

## 25 किलो डोडाचूरा के साथ बीएससी छात्र गिरफ्तारः जयपुर ले जाकर करने वाला था सप्लाई, साथी भाग निकला



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़। जिले के रेलवे स्टेशन पर शनिवार को जीआरपी ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 किलो से अधिक डोडाचूरा के साथ एक युवक को हल्दीघाटी पैसेंजर ट्रेन से गिरफ्तार किया। हैरानी की बात यह रही कि आरोपी बीएससी का छात्र निकला, जो परीक्षा से ठीक दो दिन पहले सिर्फ पैसों के लालच में नशे की तस्करी करने निकला था।

### प्लेटफॉर्म-2 पर ट्रेन चेकिंग में हुआ खुलासा

घटना सुबह प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर खड़ी हल्दीघाटी पैसेंजर की जनरल बोगी की चेकिंग के दौरान सामने आई। जीआरपी टीम को एक युवक संदिग्ध नजर आया। तलाशी में उसके पास मौजूद तीन बैगों से कुल 24.558 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 68 हजार 370 रुपए आंकी गई।

### नीमच से लाया था माल, जयपुर में डिलीवरी का था प्लान

पकड़े गए युवक की पहचान ओमप्रकाश पाटीदार के रूप में हुई है, जो मध्यप्रदेश का निवासी है। पूछताछ में उसने बताया कि वह यह डोडाचूरा नीमच से लेकर जयपुर सप्लाई करने जा रहा था। साथ ही उसने खुलासा किया कि उसके साथ एक और साथी था, जो पुलिस को देख मौके से फरार हो गया। परीक्षा की दुहाई देकर मांगी माफी गिरफ्तारी के समय आरोपी ओमप्रकाश बार-बार पुलिस से माफी मांगता रहा और बताया कि वह बीएससी का छात्र है, दो दिन बाद उसकी परीक्षा है। लेकिन रुपयों के लालच में वह इस अवैध कार्य में शामिल हो गया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, लेकिन युवक ने आगे कोई बड़ा खुलासा नहीं किया। अब अजमेर जीआरपी करेगी जांच फिलहाल मादक पदार्थ जब्त कर लिया गया है और युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू की गई है। अब इस पूरे मामले की अगली जांच अजमेर जीआरपी टीम द्वारा की जाएगी। जांच के बाद आरोपी को अजमेर जीआरपी कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस पूरी कार्रवाई में जीआरपी थानाधिकारी अनिल देवल के नेतृत्व में गठित टीम की बड़ी भूमिका रही। टीम में एएसआई धुलजी त्रिगर, हेड कांस्टेबल सांवर सिंह, मनोहर सिंह, अनिल कुमार, नरेश कुमार, कांस्टेबल यूसुफ मोहम्मद, गोपाल और पवन कुमार शामिल थे।

## मोती मगरी प्रताप स्मारक पर देंगे 21 बंदूकों की सलामी



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। महाराणा प्रताप की जयंती के पर शाम को मेवाड़ प्रताप दल सेवा संस्थान के द्वारा मोती मगरी प्रताप स्मारक पर फूल माला पहनाकर 21 बंदूकों की सलामी कर श्रद्धासुमन कार्यक्रम किया जायेगा। मेवाड़ प्रताप दल संस्थान के जिला सचिव राकेश पालीवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु एक बैठक लाला सालवी संस्थापक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संस्थान के जिला अध्यक्ष ओंकार जोशी, शेर सिंह राठौड़,बलवंत सालवी, रमेश सोनार्थी,सुनील अहीर , सतीश , राधा कृष्ण सालवी, हेमलता माली रानी भाटिया, शिव शंकर नागदा, घनश्याम भाटी,नरोतम गौड़, प्रदीप गर्ग, प्रीतम सिंह,कौशलेंद्र सिंह, ओम सेन, कुशलेंद कुमावत, राकेश खत्री, प्रेम राज माली,तीर्थपाल राठौड़ , महिला अध्यक्ष मंजू गहलोत, कल्पना सोनी, कविता कुंवर, सुरेन्द्र सोनी आदि उपस्थित थे।

## डूंगरपुर में मजदूर ने फंदा लगाकर दी जानःघर में बल्ली से रस्सी के सहारे लटका मिला शव



**24 न्यूज अपडेट**

रामसागड़ा थाना क्षेत्र के लोडवाड़ा गांव में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद सनसनी फैल गई कर लोग इकट्ठे हो गई। युवक की 2 साल पहले शादी हुई थी और उसके 1 साल की बेटी है।

रामसागडा थाने के हेड कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश ने बताया कि रणछोड़ पुत्र मावजी डामोर निवासी लोडवाड़ा की ओर से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया की उसके बेटे भरत डामोर (23) की दो साल पहले शादी हुई थी। उसके एक साल की बेटी भी है। भरत मजदूरी का काम करता था। शुक्रवार शाम को सूचना मिली कि भरत ने अपने घर में बल्ली (लकड़ी के पाट) से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद लोग इकट्ठे हो गए।

सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। शव को फंदे से नीचे उतारा कर डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया। पिता ने बेटे की मौत पर किसी तरह के शक से इनकार कर दिया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# नाबालिग के साथ चित्तौड़ में सौतेले पिता, उसके मित्र और अलग-अलग शहरों में चार युवकों ने किया दुष्कर्म





**24 न्यूज़ अपडेट**

प्रदेश के चित्तौड़ में एक नाबालिग बालिका के साथ उसके सौतेले पिता, पिता के मित्र और अलग-अलग शहरों में चार युवकों के द्वारा दुष्कर्म करने का बड़ा मामला सामने आया है. पीड़ित नाबालिग को पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने बूंदी के एक पार्क से दस्तयाब किया है. मामला पुलिस द्वारा पीड़िता को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष के समक्ष पेश करने के बाद सामने आया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा के निर्देश पर महिला थाना पुलिस ने जीरो नंबर एफआईआर दर्ज कर नाबालिग का मेडिकल करवाया. नाबालिग के सौतेले पिता, उसके मित्र और चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर संबंधित थाना पुलिस को भेज दी गई है.

रेलवे स्टेशन पर मिली भटकते हुएः बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने बताया कि बूंदी कोतवाली थाना पुलिस को चित्तौड़गढ़ की रहने वाली गुमशुदा बालिका मिली थी. उसे रेलवे स्टेशन पर भटकते हुए पाया गया. जिसके बाद उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया. उन्होंने बताया कि पुलिस के अनुसार बालिका दिल्ली और मुंबई घूमने के बाद वापस लौटते समय गलती से बूंदी आ गई थी. उसने रेलवे स्टेशन पर रात बिताई. अगले दिन, पुलिस की कालिका यूनिट टीम को वह शहर के एक पार्क में एक लड़के के साथ बैठी मिली. पोद्दार ने बालिका के माता-पिता से फोन पर संपर्क किया, लेकिन उनका रवैया उदासीन रहा. उसके माता-पिता ने उन्हें बताया कि बालिका अक्सर घर से चली जाती है. काउंसलिंग के दौरान खुला मामलाः बाल कल्याण समिति अध्यक्ष के समक्ष काउंसलिंग के दौरान पीड़ित बालिका ने जो आपबीती सुनाई. बालिका ने बताया कि उसकी मां ने जब वह 7 वर्ष की थी, तब दूसरी शादी कर ली थी. वह अपने चार अन्य भाई-बहनों के साथ सौतेले पिता के घर आ गई. सौतेले पिता ने उस पर बुरी नजर रखी और छेड़छाड़ शुरू कर दी. बालिका ने आरोप लगाया कि एक दिन उसके साथ दुष्कर्म किया गया. जब उसने अपनी मां को यह बात बताई, तो मां ने ध्यान नहीं दिया. बल्कि उसे ही चुप रहने को कहा.

पोद्दार ने बताया कि बालिका का कहना है कि सौतेले पिता और उसके एक दोस्त ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया. इसके अलावा, चार अन्य लड़कों ने भी उसके साथ जोधपुर, उदयपुर, दिल्ली और चित्तौड़ में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया. जिनमें से दो बिहार, एक बाड़मेर और तीन चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं. पोद्दार ने बताया कि बालिका का हस्तलिखित बयान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया. एएसपी ने महिला थाने को तत्काल एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया. पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर मेडिकल करवाया गया. महिला थाना प्रभारी यशोराज मीणा का कहना है कि मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाने को भेज दी गई है.

# राजस्थान में इस बार जल्दी दस्तक देगा मानसूनः 20 जून तक पहुंचने की संभावना, आज 22 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट




**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर। इस बार राजस्थानवासियों को मानसून का इंतजार कुछ कम करना होगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राजस्थान में मानसून करीब 5 दिन पहले, यानी 20 जून तक दस्तक दे सकता है। आमतौर पर यहां मानसून 25 जून के आसपास पहुंचता है, लेकिन देशभर में इस बार मानसून की रफ्तार तेज बनी हुई है और यह समय से आठ दिन पहले केरल तट पर पहुंच चुका है। मानसून की उम्मीद राहत भरी जरूर है, लेकिन फिलहाल राज्य भीषण गर्मी की चपेट में है। शुक्रवार को जैसलमेर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस सीजन का राज्य में सबसे अधिक तापमान रहा। वहीं बाड़मेर में 47.5, बीकानेर में 46.4, चूरू में 45.6 और जोधपुर में 44.5 सेल्सियस तापमान रहा।बीकानेर में तो शुक्रवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही, जहां न्यूनतम तापमान 33 डिग्री तक पहुंच गया। लू और बारिश दोनों का अलर्ट मौसम विभाग ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हीटवेव और बारिश दोनों के अलर्ट जारी किए हैंः रेड अलर्टः बीकानेर, चूरू (लू के लिए) ऑरेंज अलर्टः श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, सीकर, झुंझुनूं बारिश और आंधी की संभावनाः आज 22 जिलों में तेज हवा और बौछारें पड़ सकती हैं

## भीषण गर्मी के बीच राहत के प्रयास

राज्य के कई शहरों में नगर निगम और प्रशासन गर्मी से राहत के प्रयास कर रहे हैं। बीकानेर के केईएम रोड रेलवे फाटक पर ग्रीन शेड लगाई गई है, ताकि राहगीर धूप से बच सकें। वहीं सीकर, झुंझुनूं और शेखावाटी के इलाकों में भी लू के कारण बाजारों में सन्नाटा देखा जा रहा है।

## मानसून का ट्रैक रिकॉर्ड

पिछले साल 2024 में मानसून ने 25 जून को उदयपुर संभाग से प्रवेश किया था और पूरे सीजन में राज्य में 678.4 मिमी बारिश हुई, जो औसत से 56% अधिक थी। वहीं 2021 में मानसून 18 जून को, यानी तय समय से 8 दिन पहले आया था।

# साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और ऑनलाइन अपराधों से निपटने के लिए राजस्थान का पहला साइबर सपोर्ट सेंटर हुआ लॉन्च



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 24 मई। साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने और ऑनलाइन खतरों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाते हुए महानिदेशक पुलिस श्री यूआर साहू एवं महानिदेशक एससीआरबी व साइबर क्राइम श्री हेमन्त प्रियदर्शी द्वारा जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में राजस्थान का पहला "साइबर सपोर्ट सेंटर" औपचारिक रूप से शनिवार को प्रारम्भ किया गया। यह सेन्टर मुम्बई स्थित एनजीओ रेस्पान्सिबल नेटिजन्स द्वारा संचालित किया जायेगा व कोगटा फाउण्डेशन इसमें आर्थिक सहयोग करेगा।

महानिदेशक पुलिस श्री साहू एवं श्री प्रियदर्शी ने केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने और ऑनलाइन खतरों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने की दिशा में यह सेन्टर एक सशक्त माध्यम बनेगा। यह अग्रणी केन्द्र ऑनलाइन उत्पीड़न से मुकाबला करने, साइबर अपराधों के पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान करने और #साइबर सेफ जयपुर अभियान के अंतर्गत साइबर वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है। सेंटर का उद्देश्य डिजीटल उत्पीड़न से उत्पन्न दीर्घकालिन मानसिक और भावनात्मक प्रभावों से निपटना होगा। आरंभ में अतिथियों ने केंद्र का औपचारिक उद्घाटन करते हुए इसमें दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ, एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप, एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. रामेश्वर सिंह, डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम सहित कमिश्नरेट के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

**सभी आयु वर्ग के नेटिजन्स के लिए बनेगा मददगार :** जयपुर कमिश्नर श्री बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि यह सेंटर सभी आयु वर्ग के नेटिजन्स के लिए खुला रहकर मददगार बनेगा और यह कानून प्रवर्तन एवं डिजीटल सिस्टम्स में विश्वास को मजबूत करते हुए पीड़ितों को न्याय और रिहेबिलिटेशन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगा। साइबर सपोर्ट सेंटर पर सम्पर्क करने के लिए 87648-66039 औऱ 87648-66040 नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

श्री जोसेफ ने बताया कि आंकड़े बताते हैं कि 3 में से 1 बच्चा ऑनलाइन बुलिंग का शिकार होता है। 70% बच्चों ने और 30% महिलाओं ने साइबर अपराधों का सामना किया है। वित्तीय साइबर अपराधों में 24.5% की वृद्धि हुई, जिससे 2024 में 2054 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ।

राजस्थान में हर साल लगभग 3,000 साइबर अपराध के मामले दर्ज किए जाते हैं। इनमें से 47.25% वित्तीय अपराध, 30.16% यूपीआई घोटाले, 12% सोशल मीडिया और 11% यौन उत्पीड़न से संबंधित हैं। तीन वर्षों में, साइबर धोखाधड़ी के कारण पीड़ितों ने 1581 करोड़ गंवाए, जिसमें से पुलिस ने 676 करोड़ होल्ड कराया। हर दिन 10-15 कॉल साइबर स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग और उत्पीड़न से जुड़ी समस्याओं को रिपोर्ट करती हैं।

# आठ जिलों में लगेंगे 125 पशु चिकित्सा अधिकारी 500 पशुधन निरीक्षकों की भी होगी नियुक्ति

**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर। पशुपालन विभाग जल्द ही प्रदेश के आठ जिलों में अस्थाई आधार पर 125 पशु चिकित्सा अधिकारी तथा 500 पशुधन निरीक्षकों की भर्ती करेगा। पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इन पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं पशुधन निरीक्षकों की भर्ती आवश्यक अस्थाई आधार पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि जोधपुर, फलौदी, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, पाली, सिरोही एवं जालौर जिले में इन पशु चिकित्सा अधिकारी व पशुधन निरीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। यह नियुक्ति तीन माह अथवा राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो, के लिए की जाएगी। पशु चिकित्सा अधिकारी को 56100 रुपए व पशुधन निरीक्षक को 26300 रुपए प्रतिमाह फिक्स वेतन दिया जाएगा। पशु चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को 31 मई, 2025 को टोंक रोड, जयपुर स्थित पशुधन परिसर में प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक आवेदन पत्र तथा अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। जबकि पशुधन निरीक्षक के पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को संबंधित जिले के पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेषक कार्यालय में 31 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आवेदन पत्र और अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना होगा। बालोतरा और फलौदी जिले के लिए आवेदन क्रमशः जिला संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, बाड़मेर एवं जोधपुर कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

# 'हेरा फेरी 3' विवादः 15 परसेंट ब्याज के साथ परेश रावल ने लौटाई रकम, अक्षय कुमार ने भेजा था लीगल नोटिस



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, मुंबई। 'हेरा फेरी 3' विवादः परेश रावल ने लौटाई रकम, अक्षय कुमार की टीम ने भेजा लीगल नोटिस, जानें पूरा मामला मुंबई। बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी 3 एक नए विवाद में फंस गई है। मशहूर अभिनेता परेश रावल ने फिल्म से अचानक अलग होने का फैसला लिया, जिससे अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस में हड़कंप मच गया। मामले ने कानूनी मोड़ ले लिया है और अक्षय की टीम ने परेश को लीगल नोटिस भेज दिया है।

## एडवांस रकम ब्याज सहित लौटाई

सूत्रों के मुताबिक, परेश रावल ने फिल्म के लिए मिले 11 लाख रुपए का साइनिंग अमाउंट 15% वार्षिक ब्याज के साथ वापस कर दिया है। उन्होंने टर्म शीट में लिखी शर्तों पर असहमति जताई थी, जिसके तहत उन्हें फिल्म की रिलीज के एक महीने बाद ही बाकी रकम मिलने वाली थी। परेश की फीस कुल 15 करोड़ रुपए तय हुई थी, लेकिन उन्हें शर्तों के कारण लगभग दो साल तक इंतजार करना पड़ता। अक्षय कुमार की कानूनी टीम का रुख सख्त परेश रावल के अचानक अलग होने से अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस ने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई का रुख अपनाया है। अक्षय की वकील पूजा तिडके ने कहा कि परेश के इस कदम से फिल्म को वित्तीय और क्रिएटिव नुकसान हुआ है। फिल्म का एक साढ़े तीन मिनट का ट्रेलर सीन भी पहले ही शूट हो चुका था। पूजा ने बताया, "जनवरी में परेश जी ने खुद सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ने की पुष्टि की थी और ट्रेलर शूट के लिए कॉन्ट्रैक्ट भी साइन किया था। अब अचानक हटने की सूचना देकर उन्होंने सभी को चौंका दिया है। इस कदम से कलाकारों, क्रू और पूरी फ्रैंचाइज़ी पर असर पड़ा है।"

## नोटिस का अभी नहीं दिया जवाब

वकील पूजा तिडके ने बताया कि परेश रावल को जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म में बड़ी धनराशि खर्च हो चुकी है, और अचानक हुए इस बदलाव से समस्त प्रोडक्शन शेड्यूल अस्त-व्यस्त हो गया है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या परेश रावल फिल्म से जुड़े रहेंगे या कानूनी लड़ाई के बाद भी अलग हो जाएंगे। वहीं, फैंस भी इस उलझन में हैं कि क्या बाबूराव के बिना हेरा फेरी 3 का जादू दोहराया जा सकेगा?

# किशनगढ़ में तुर्किए से मार्बल आयात बंद करने का फैसलाः 21 करोड़ रुपए मासिक व्यापार रुकेगा, जून के मार्बल फेयर का बहिष्कार



**24 न्यूज़ अपडेट**

किशनगढ़। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब किशनगढ़ के मार्बल कारोबारियों ने भी तुर्किए से आयातित मार्बल पर पूरी तरह रोक लगाने का अहम फैसला किया है। राजस्थान के राजसमंद और भीलवाड़ा के बाद किशनगढ़ की मार्बल मंडी, जो एशिया की सबसे बड़ी मानी जाती है, ने तुर्किए से मार्बल आयात बंद करने का निर्णय लिया है। साथ ही तुर्किए में 18 से 21 जून के बीच आयोजित होने वाले मार्बल फेयर का बहिष्कार करने का ऐलान भी किया गया है।

## मासिक 21 करोड़ का कारोबार ठहरेगा

किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन के अनुसार, यहां तुर्किए से प्रतिदिन करीब 8 करोड़ रुपए का मार्बल आयात होता है, जो महीने के हिसाब से करीब 21 करोड़ रुपए का व्यापार ठप हो जाएगा। किशनगढ़ के साथ हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर परबतसर तक फैले मार्बल-ग्रेनाइट कारोबार में सैकड़ों व्यापारी जुड़े हुए हैं।

## तुर्किए से मार्बल आयात क्यों बंद?

मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन ने बताया कि तुर्किए ने पाकिस्तान का समर्थन किया है, जो भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल है। इसके चलते राष्ट्रहित में लघु उद्योग भारती किशनगढ़ के आग्रह पर तुर्किए से मार्बल आयात रोकने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही तुर्किए के AFYON शहर में जून में होने वाले मार्बल फेयर का भी बहिष्कार किया जाएगा।

## विकल्प मौजूद, गुणवत्ता बनी रहेगी

महासचिव शशिकांत पाटोदिया ने बताया कि तुर्किए के विकल्प के रूप में कई अन्य देश हैं, जहां से उच्च गुणवत्ता वाला मार्बल आयात किया जा सकता है। इससे व्यापार में बाधा नहीं आएगी और गुणवत्ता के मानक भी बरकरार रहेंगे। किशनगढ़ मार्बल मंडी एशिया की सबसे बड़ी मार्बल मंडियों में से एक है। पूरे देश में लगभग 10 लाख मीट्रिक टन मार्बल का आयात होता है, जिसमें पिछले 7-8 वर्षों में तुर्किए से आयात तेजी से बढ़ा है। किशनगढ़ के अलावा उदयपुर, चित्तौड़गढ़, मकराना, भीलवाड़ा, पाली, राजसमंद और जोधपुर में भी तुर्किए का मार्बल पहुंचता है।

# शुभमन गिल बने भारतीय टेस्ट टीम के कप्तानः पंत उपकप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित; करुण नायर और शार्दुल ठाकुर की वापसी



**24 न्यूज़ अपडेट**

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने शनिवार को इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टेस्ट टीम की घोषणा की, जिसमें 25 वर्षीय बल्लेबाज शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। ऋषभ पंत को उपकप्तान बनाया गया है। भारत को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस मीटिंग में BCCI सचिव देवजीत सैकिया और मेंस सिलेक्शन कमेटी के सदस्य शामिल हुए। टीम में कई युवा चेहरों को मौका मिला है, वहीं कुछ अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी भी हुई है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद टीम में बड़ा बदलाव देखा गया। गिल बने 5वें सबसे युवा भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने 25 साल और 258 दिन की उम्र में भारत की टेस्ट कप्तानी संभाली है। वे भारत के पांचवें सबसे युवा टेस्ट कप्तान बन गए हैं। उनसे कम उम्र में कप्तानी करने वालों में मंसूर अली खान पटौदी (21 वर्ष), सचिन तेंदुलकर (23), कपिल देव (24) और रवि शास्त्री (25 वर्ष, 229 दिन) शामिल हैं। गिल अब तक 32 टेस्ट मैचों में 1893 रन बना चुके हैं। उन्होंने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था।

## करुण नायर की धमाकेदार वापसी

मध्यक्रम बल्लेबाज करुण नायर की टीम में वापसी हुई है। उन्होंने हाल ही में विदर्भ के लिए रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 9 मैचों में 4 शतक की मदद से 863 रन बनाए। विजय हजारे ट्रॉफी में भी उन्होंने 8 पारियों में 5 शतक जड़े और 779 रन बनाए। उन्होंने विदर्भ को रणजी खिताब दिलाया और विजय हजारे ट्रॉफी में उपविजेता बनाया।

## सुदर्शन IPL-18 के सबसे सफल बल्लेबाज

23 वर्षीय साई सुदर्शन IPL-18 में अब तक 638 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर हैं। वे इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए टीम में भी चुने जा चुके हैं। अब उन्हें टेस्ट टीम में मौका मिला है।

## शार्दुल की वापसी, शमी बाहर

शार्दुल ठाकुर की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। वहीं, मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए वे टीम का हिस्सा नहीं हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह को मौका मिला है।

## स्पिन और ऑलराउंड डिपार्टमेंट

स्पिन विभाग में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर मौजूद हैं। वहीं नीतीश रेड्डी, जिन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था, उन्हें भी टीम में शामिल किया गया है। टीम में ऋषभ पंत के अलावा ध्रुव जुरेल दूसरे विकेटकीपर होंगे। देवदत्त पडिक्कल अभीw पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए उन्हें टीम में नहीं चुना गया।

# 5 महीने लिव-इन में रहने के बाद प्रेमिका की संदिग्ध हत्या प्रेमी ने कहा- फंदा लगाया, पुलिस को नहीं मिले गले पर निशान



24 न्यूज़ अपडेट

बांसवाड़ा. घाटोल थाना क्षेत्र के गर्णावट गांव में एक 19 वर्षीय युवती बिपाशा की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पांच महीने से प्रेमी प्रदीप (22) के साथ लिव-इन में रह रही युवती 2-3 दिन से नजर नहीं आ रही थी। जब ग्रामीणों ने इसकी जानकारी लड़की के पिता को दी, तो उन्होंने थाने पहुंचकर हत्या की आशंका जताई। पुलिस द्वारा प्रेमी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने लड़की की मौत की बात स्वीकार की और शव को खेत में गाड़ने की जानकारी दी। शनिवार दोपहर को पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में खेत की खुदाई कर शव को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची FSL टीम ने शव की जांच की, जिसमें गले पर किसी प्रकार के रस्सी या दुपट्टे के निशान नहीं पाए गए। इससे पुलिस को संदेह है कि मौत फंदे से नहीं बल्कि गला दबाकर की गई हो सकती है।

प्रेमी ने कहा- झगड़े के बाद फंदा लगाकर की खुदकुशी पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रदीप ने बताया कि 20 मई की रात उसका बिपाशा से झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद उसने कथित तौर पर फंदा लगाकर जान दे दी। शव को छुपाने के लिए उसने रात में ही खेत में गड्ढा खोदकर उसे दफना दिया। हालांकि, पुलिस को यह कहानी संदिग्ध लग रही है।

## एसडीएम की निगरानी में निकाला गया शव, गांव में भीड़ जमा

शव की खुदाई के दौरान मौके पर SDM सहित पुलिस बल मौजूद रहा। खुदाई के समय पूरा गांव मौके पर एकत्रित हो गया। जब शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया, तो मृतका के परिजन आक्रोशित हो गए और पुलिस वाहन को रोकने की कोशिश की, हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। लिव-इन में रह रहे थे दोनों, दिसंबर में भागे थे घर से जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2024 में प्रदीप बिपाशा को भगाकर ले गया था। दोनों कुछ समय तक उदयपुर में रहे, फिर 23 अप्रैल को गर्णावट गांव लौट आए और परिवार के साथ लिव-इन में रहने लगे। बिपाशा अपने 12 भाई-बहनों में दसवें नंबर की थी और उसने दसवीं तक शिक्षा प्राप्त की थी। बिपाशा के पिता लालशंकर की शिकायत पर आरोपी प्रदीप के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत का असली कारण स्पष्ट होगा।

# गोवंश खरीद कर ले जा रहा था, भीड़ ने कर दी पिटाई, पिकअप फूंका, पुलिस कार्रवाई के विरोध में धरना



24 न्यूज़ अपडेट

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र में शनिवार रात कानून व्यवस्था को चुनौती देती एक गंभीर घटना सामने आई, जहां गो-तस्करी के संदेह में ग्रामीणों ने तीन लोगों के साथ मारपीट की और उनकी पिकअप वैन को आग के हवाले कर दिया। जबकि पीड़ितों का दावा है कि उन्होंने पशुओं को वैध रूप से खरीदा था और पुलिस जांच में भी यह पुष्टि हो चुकी थी। फुलिया खुर्द गांव निवासी राजू लुहार, प्रतापगढ़ निवासी नाहर मोहम्मद और पिकअप चालक गोपाल रैगर शनिवार देर रात हमीरगढ़ क्षेत्र से दो जर्सी गाय और एक बछड़ा खरीदकर गांव लौट रहे थे। रास्ते में कुछ ग्रामीणों ने उन्हें रोककर गो-तस्करी का आरोप लगाते हुए मांडल पुलिस चौकी ले गए। पुलिस ने दस्तावेज़ और पूछताछ के बाद यह स्पष्ट किया कि खरीद वैध है और कोई आपराधिक गतिविधि नहीं हुई है। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पिकअप सहित रवाना कर दिया।

## एक किमी बाद फिर हमला

हालांकि चौकी से महज एक किलोमीटर दूर ही एक उग्र भीड़ ने फिर से उनकी पिकअप रोक ली। तीनों को वाहन से बाहर खींचकर पेड़ से बांध दिया गया और लाठी-डंडों से पीटा गया। इसके बाद गाड़ी से गोवंश निकालकर पिकअप में आग लगा दी गई। कुछ ही मिनटों में पूरा वाहन जलकर राख हो गया। पुलिस की तत्परता, तीन हिरासत में सूचना मिलते ही मांडल पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों को भीड़ से छुड़ाया। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया और तीन लोगों को हिरासत में लिया है। जांच जारी है। इस कार्रवाई के विरोध में रविवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण और कथित गौभक्त मांडल थाने के बाहर जुट गए। उन्होंने ष्पुलिस प्रशासन हाय-हायष् के नारे लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि हिरासत में लिए गए लोग निर्दोष हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सभी को छोड़ा नहीं जाएगा, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने कुछ समय के लिए मांडल कस्बे की मुख्य सड़क पर जाम भी लगा दिया, जिसे पुलिस ने बाद में हटवाया।

## क्या कहते हैं पीड़ित?

पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने पशुओं की खरीदी कानूनी तरीके से की थी। उनके पास पूरे दस्तावेज़ भी थे, जो पुलिस को दिखाए गए। बावजूद इसके, उन्हें न सिर्फ पीटा गया, बल्कि उनकी संपत्ति भी जला दी गई।

# 'द ज्ञानवापी फाइल्स' का ट्रेलर उदयपुर सांसद को दिखाया, 27 जून को होगी रिलीज़



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर | देश को झकझोर देने वाले कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'द ज्ञानवापी फाइल्स – ए टेलर मर्डर स्टोरी' का ट्रेलर शनिवार को उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत को दिखाया गया। इस दौरान फिल्म के निर्माता अमित जानी स्वयं उदयपुर पहुंचे और सांसद से मुलाकात की। सांसद रावत ने ट्रेलर देखने के बाद फिल्म को समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि "यह फिल्म एक जिम्मेदार सिनेमाई प्रयास है, जो समाज को सच दिखाने और सोचने पर मजबूर करने का माध्यम बन सकती है।" 27 जून को 3500 स्क्रीनों पर होगी रिलीज निर्माता अमित जानी ने बताया कि फिल्म 27 जून को भारत सहित विभिन्न देशों में रिलीज़ की जाएगी। इसे 3500 से अधिक स्क्रीनों पर प्रदर्शित किया जाएगा। फिल्म का निर्देशन भरत एस. श्रीनाते ने किया है, और इसकी स्क्रिप्ट जयंत सिन्हा ने लिखी है। फिल्म उस वास्तविक घटना पर आधारित है, जिसमें 28 जून 2022 को उदयपुर के टेलर कन्हैयालाल साहू की दुकान में घुसकर गौस मोहम्मद और रियाज ने तालिबानी तरीके से गला रेतकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया था। फिल्म में कन्हैयालाल की भूमिका में बॉलीवुड अभिनेता विजय राज नजर आएंगे। साथ ही रणवीर दुग्गल, प्रीति झांगियानी और आदित्य राघव जैसे कलाकार भी प्रमुख किरदारों में शामिल हैं। निर्माता बोले – यह फिल्म सिर्फ मर्डर केस नहीं अमित जानी ने बताया, "यह फिल्म केवल एक हत्या की कहानी नहीं है, यह उस मानसिकता, मौन समाज और प्रशासनिक तंत्र की भूमिका को उजागर करने का प्रयास है। यह एक समाजिक दस्तावेज है, जो आंखें खोलने का काम करेगा।" कन्हैयालाल के बेटे ने मीडिया से कहा कि निर्माता ने आश्वस्त किया है कि फिल्म की आय का एक हिस्सा परिवार को दिया जाएगा। इस आश्वासन के लिए परिवार ने निर्माता का आभार प्रकट किया। फिल्म को लेकर प्रतिक्रियाएं और चर्चा फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी चर्चा हो रही है। जहाँ कुछ लोग इसे साहसिक प्रयास बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग इस विषय को लेकर संवेदनशीलता बरतने की जरूरत पर बल दे रहे हैं।

# उदयपुर में जन्मे कुंवर प्रताप सिंह बारहठ की जयंती पर विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 24 मई। अमर बलिदानी क्रांतिकारी कुंवर प्रताप सिंह बारहठ जयंती एवं बलिदान दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर आयोजनकर्ता चारण धर्मांश समिति के डॉ नरेन्द्र देवल ने बताया कि शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर 161 युनिट रक्तदान किया और बारहठ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह चारण, भरत सिंह उज्ज्वल, मुरलीधर सौदा, राघवेन्द्र सिंह बरवाड़ा, टीम भरत सिंह बरवाड़ा, डॉ सुयश वर्धन सिंह, नरेंद्र सिंह राबचा, संजय सिंह सौदा, बजरंग सिंह कविया, वाग्मी कुमार सहित चारण धर्मांश समिति उदयपुर इकाई और रॉयल्स व गुड वन्स ग्रुप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंग्रेजी हुकूमत को चुनौति दी थी पूरे बारहठ परिवार ने डॉ देवल ने बताया कि उदयपुर में जन्मे कुंवर प्रताप सिंह बारहठ व उनके पिता प्रख्यात क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ, काका जोरावर सिंह बारहठ सहित पूरे परिवार ने अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देते हुए देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। देश में गुरु गोविंद सिंह के बाद एकमात्र ऐसा परिवार है जिसके सभी सदस्यों ने अपनी आहुति दी। शहीद भगत सिंह भी कुंवर प्रताप सिंह बारहठ को अपना आदर्श मानते थे। यह बात उनके भांजे प्रो. जगमोहन ने कई मौकों पर बताई। साथ ही स्वतंत्रता सैनानियों की महान पुस्तक बंदी जीवन में शचींद्रनाथ सान्याल ने कुंवर प्रताप सिंह बारहठ को विलक्षण व्यक्तित्व का बताते हुए कहा कि प्रताप टूट गया पर झुका नहीं। अमानवीय यातना सहन करते करते हुए उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिये पर अपने साथियों के नाम अंग्रेजी हुकूमत को नहीं बताए। कुंवर प्रताप सिंह बारहठ के यह शब्द कालजयी बन गए कि "एक माता को हंसाने के लिए में हजारों माताओं को रूला नहीं सकता"।

# विकसित भारत-विकसित मेवाड़ 2047 के तहत संवाद 2025, सांसद रावत ने किया कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। विकसित भारत विकसित मेवाड़ 2047 के अंतर्गत संवाद 2025 को लेकर उदयपुर में विकसित भारत संवाद का भव्य कार्यक्रम आयोजन 8 जून को अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित होगा जिसको लेकर उदयपुर सांसद डॉ रावत ने शनिवार को जिला परिषद कार्यालय में कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन किया। उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 78वें स्वाधीनता दिवस पर विकसित भारत 2047 का आह्वान किया तथा अमृत कालखंड के उद्देश्य की चर्चा की है। इसी के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकास के पद पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथ ही भारत ने लक्ष्य तय किया है कि 2047 में जब देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूर्ण करेगा तब भारत विश्व के विकसित देशों की कतार में शामिल हो चुका होगा, लेकिन यह संकल्प सिद्धि सिर्फ सरकार के प्रयासों से नहीं बल्कि इसमें भारत के प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कार्यक्रम संयोजक मनोज जोशी ने बताया कि विकसित भारत के संकल्प को लेकर विकसित भारत विकसित मेवाड़ के अंतर्गत उदयपुर में 8 जून रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी सभागार हिरण मंगरी में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संवाद का आयोजन होगा। उसके बाद शाम 6 बजे से बाबा सत्यनारायण मौर्य के द्वारा एक शाम राष्ट्र के नाम आयोजन शुरू होगा।

## ये रहेंगे संवाद के विषय

जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति, ऊर्जा, सड़क परिवहन, जल संसाधन, चिकित्सा, शिक्षा, रेल परिवहन, खेती, कौशल विकास, व्यापार , उद्योग, डिजिटल इण्डिया, सुरक्षा , नगरीय विकास, युवा , एआई , ग्रामीण विकास, रोजगार, महिला विकास और खनन आदि विषयों पर संवाद होगा।

## कार्यक्रम का उद्देश्य

भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना देश भर में देखा जा रहा है, उसमें मेवाड़ की भी अहम भूमिका है। मेवाड़ जो अपनी वैश्विक गौरवशाली संस्कृति, शौर्य और इतिहास के लिए जग प्रसिद्ध है, को आधुनिक भारत के निर्माण में भी अग्रणी बनाना , खनिज, होटल, कृषि, वन और हस्तशिल्प यहां की मूलभूत ताकत है जिसको मजबूत करना, विकसित मेवाड़ का आशय केवल भौतिक संसाधनों या इमारतों का निर्माण नहीं है, बल्कि ऐसा समाज बनाना जहां विरासत, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और रोजगार के क्षेत्र में सर्वव्यापी, समावेशी व सर्वस्पर्शी प्रगति हो। मेवाड़ - वागड़ के गांव-गांव तक डिजिटल सेवाएं पहुँचाना, किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ना, युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप से जोड़ना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना आदि दिशा में यह आवश्यक कदम हैं। साथ ही, इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन स्थलों को विश्वस्तर पर पहचान दिलाना एवं बनाए रखना भी एक विकसित मेवाड़ की ओर बढ़ने का मार्ग है। मेवाड़ का हर नागरिक शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनेगा, तभी यह क्षेत्र विकसित भारत के सपने में वास्तविक योगदान दे सकेगा। इस महान उद्देश्य के लिए सकल मेवाड़ को स्थानीय स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, जनभागीदारी और सतत विकास को प्राथमिकता देने की बड़ी आवश्यकता है। सांसद डॉ रावत ने किया कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने शनिवार को सुबह 11 बजे जिला परिषद स्थित अपने कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ विकसित भारत संवाद के पोस्टर का विमोचन किया ।

**यह रहे मौजूदः** भारतीय जनता पार्टी नगर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह, भारतीय जनता पार्टी देहात के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, आयोजन कमेटी के संयोजक मनोज जोशी, राजकुमार शर्मा, कन्हैया लाल वैष्णव, दीपक शर्मा, राजेश अग्रवाल, कविता जोशी, नवीन नंदवाना तथा डॉ विवेक भटनागर मौजूद रहे।

# निःशुल्क आई चेकअप कैंप में 125 लोगों ने उठाया लाभ




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर | सक्का बिरादरी उदयपुर एवं ASG EYE हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को खैरादीवाड़ा स्थित सक्का गेस्ट हाउस में एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें 125 लोगों ने अपनी आँखों की जांच करवाई और 140 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। इस शिविर को बिरादरी की नई कार्यकारिणी (काबीना) की पहली सामाजिक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो पूरी तरह सफल रही। बिरादरी के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी कार्यक्रम के आयोजन में सक्का बिरादरी के विभिन्न पदाधिकारीगण और सक्रिय सदस्य शामिल रहे। प्रवक्ता आर्किटेक्ट इज़हार हुसैन ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आमजन को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय रहते जरूरी परामर्श व उपचार उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर सदर मोहम्मद शरीफ़ (गुड्डू भाई), सेक्रेटरी फिरोज़ खान अब्बासी, नायब सदर मोहम्मद सईद सक्का, निज़ामुद्दीन सक्का, जॉइंट सेक्रेटरी अकीलुद्दीन सक्का, कोषाध्यक्ष मोहम्मद नदीम अब्बासी, जॉइंट कोषाध्यक्ष मोहम्मद अशफ़ाक सक्का, गेस्ट हाउस इंचार्ज मोहम्मद हैदर, प्रवक्ता इज़हार हुसैन, प्रचार-प्रसार मंत्री मोहम्मद आरिफ, और कानूनी सलाहकार एडवोकेट मुख्तार गनी समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। ASG हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम का योगदान नेत्र परीक्षण के लिए ASG EYE हॉस्पिटल से विशेषज्ञ टीम में प्रताप सिंह, मदन शर्मा, मनीष और मुकुल ने अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्होंने आंखों से संबंधित समस्याओं की जांच, परामर्श और आवश्यक उपचार की दिशा में मार्गदर्शन किया।

# 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को – "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" थीम पर होंगे आयोजन



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 24 मई। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय सभागार में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" थीम के अंतर्गत योग प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे जनसामान्य की दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. राजीव भटट् ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और अनियमित खानपान के चलते मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में गिरावट आई है, जिसका असर हम कोरोना महामारी के दौरान देख चुके हैं। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिन का क्रियाकलाप नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसे नियमित अभ्यास के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की भावना को साकार करते हुए इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" की सार्थकता पर प्रकाश डाला। "योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन जीने की कला है" कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि योग जीवन जीने की कला है, जिससे व्यक्ति दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन देन है, जिसे विश्व ने अपनाया है। भगवान शिव को आदि योगी माना गया है। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्य देशों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी थी। यह दिन उत्तरी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे बड़ा दिन होता है, जो योग की दीर्घायु जीवन भावना के अनुरूप है।

## योग को गांव-गांव तक पहुंचाने की जरूरत

कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि योग के प्रचार-प्रसार को व्यापक बनाते हुए इसे वंचित और ग्रामीण वर्ग तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत की 70 प्रतिशत आबादी आज भी गांवों में निवास करती है और शहरी सुविधाओं से वंचित है। योग उनके लिए जीवनशैली सुधार का सशक्त माध्यम बन सकता है।

## विद्यार्थियों को वितरित किए गए ट्रैक सूट

समारोह के प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि पीजी डिप्लोमा इन योग के विद्यार्थियों को इस अवसर पर ट्रैक सूट वितरित किए गए। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, प्रो. जी.एम. मेहता, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. ममता कुमावत, डॉ. मनीष पालीवाल, अनिता राजपूत, डॉ. शुभा सुराणा सहित अनेक अधिकारी, कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें - desk24newsupdate@gmai.com**

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।